हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 मार्च 2024

06 व्यवसाय विकास महामेला का हुआ आयोजन



08 साधु संतों के शब्द सुनकर मन में उतारें: मुनिश्री





## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्देश दिये हैं कि जिले में लोसभा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए रूल ऑफ लॉ का पालन किया जाए। निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए और जिले के सभी शासकीय सेवकों से भी अपेक्षित आचरण किए जाना अनिवार्य है। यह आदेश 6 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

### शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिले में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण रूप से स्वतंत्र, स्वच्छ, निर्विवध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने को दृष्टिगत रखे हुए मतदान केन्दों पर बलात कब्जा करने मतदाताओं एवं निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों को डराने,धमकाने और उन पर अनुचित प्रभाव ना डालने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ होने के समय से आग्नेय एवं प्राणघातक हथियारों पर प्रतिबंध 16 मार्च, 2024 से लगाया गया है।

### होली की रंगीन मस्ती में अबकी बार फिर महादेव की होली रहेगी खास, आज निकलेगी गैर

# शहर में 125 स्थानों पर हुआ होलिका दहन

सोमवार धुलेंडी के दिन से रंग, गुलाल का दौर शुरू होगा, जो रंगपंचमी तक चलेगा। रविवार को जिलेभर के बाजारों में लोग होली की खरीदी करते नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

होली की रंगीन मस्ती में इस बार की होली सीहोर के लिए खास है। इस बार भी सीहोर में महादेव की होली खेली जाएगी। शहर महादेव के रंग में रंगा आएगा। शहर के अलग-अलग शिव मंदिरों में महादेव की होली का आयोजन होगा। पांच दिवसीय रंगोत्सव के पर्व होली की सोमवार से शुरूआत होने जा रही है। सोमवार धुलेंडी के दिन से रंग, गुलाल का दौर शुरू होगा, जो रंगपंचमी तक चलेगा। पर्व से एक दिन पूर्व रविवार को जिलेभर के बाजारों में लोग होली की खरीदी करते नजर आए।

रविवार को शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना के बाद रात्रि में जिले के 9 शहर (सीहोर, आष्टा, बुदनी, नसरुल्लागंज, रेहटी, शाहगंज, जावर, कोठरी, इछावर) में करीब 400 से अधिक स्थान पर होलिका दहन देर रात तक जारी रहा। सोमवार को धुलेंडी पर लोग गमी की होली अवसर पर गमी वाले घरों पर रंग-गुलाल डालने पहुंचेंगे। इस बार होली पर मस्ती करने के लिए लोगों में एक अलग भी उत्साह है।

**महादेव की होली की शहर में तैयारियां पूरी, केसरिया रंग से रंगेगा शहर :** प्रसिद्ध कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा के महादेव की होली शहर सहित पूरे देश में मनाए जाने के संदेश के बाद केसरिया रंग की मांग भी बढ़ गई है। सीहोर में होली को उत्साह मनाने विभिन्न समितियों ने गुलाल का इंतजाम किया है। केसरिया रंग,इत्र सहित फूलों की व्यवस्था की जाएगी। मंगलवार को पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शहर के शिव मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालु भक्त महादेव की होली का शुभारंभ करेंगे। पांच दिवसीय महादेव की होली के तहत शिव मंदिरों में केसरिया रंग के साथ ही गुलाल और अष्टगंध मिश्रित जल भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया जाएगा। होली के पूर्व बाजार में रंगों के साथ ही गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर जमकर भीड़- भाड़ दिखाई दी वही होली के त्यौहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह भी दिखाई दिया। बाजार मे रंगों की दुकानों पर तरह-तरह की पिचकारियां बच्चों को लुभा रही थी। बच्चों ने अपने मनपसंद की पिचकारियां तो खरीदी ही वही रंग-गुलाल भी स्टाक में रखने के लिए खरीदा।



### होली उत्साह और उमंगों से भरा रंगों का त्योहार

होली उत्साह व उमंगों से भरा रंगों का त्योहार है। इस दिन प्रत्येक वर्ण व जाति के लोग सारे भेदभाव को भुलाकर परस्पर एक दूसरे से गले मिलते हैं। विभिन्न रंगों के साथ होली खेलते हैं। यह रंगों का पर्व उत्साह,प्रेम,सौहाद्र्र का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भक्त प्रहलाद के विरुद्ध रचा गया षडयंत्र विफल हुआ और होलिका दहन हुआ था।

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि 25 मार्च को धुलेंडी के दिन गमी वाले घर (जिन घरों में किसी की मौत हुई है) वहां जाकर रंग डाला जाएगा। दूज के दिन मुख्य रूप से होली खेली जाएगी। वही रंगपंचमी के दिन जुलूस भी निकाला जाएगा। गुप्ता ने बताया कि जिन चौराहों पर होली खेली जाएगी वहां सभी तरह की व्यवस्था जुटाने की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर की समितियों की रहेगी।

### दो दिन से स्टैंड पर भीड़

होली पर्व पर अपने घर जाने वालों की पिछले दो दिन से सीहोर, आष्टा बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ देखने मिल रही है। रविवार को भी स्टैंड पर आने जाने वालों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में ज्यादा थी। खास बात यह है कि जिन घरों में गमी हैं वहां महिलाएं रविवार को ही निकल गई थी। भीड़ के चलते बस भी यात्रियों से फुल आ रही हैं।

### केमिकल युक्त रंग-गुलाल का न करें उपयोग

विशेषज्ञों का कहना है कि केमिकल युक्त रंग-गुलाल का उपयोग न करें। शहर में महादेव की होली की धूम है जिसके चलते कई जगह पलाश के फूलों से रंग तैयार किए जा रहे हैं। वहीं बाजारा में भी केमिकल युक्त रंगों की मांग कम होने से दुकानों पर अच्छी क्वालिटी के रंग मिल रहे हैं। इसके साथ ही अब गुलाल की होली की भी परंपरा बड़ी है। बाजार में अच्छी खुशबू और बिना केमीकल की गुलाल उपलब्ध है। जिसका उपयोग लोग कर रहे हैं।

**शहर में 125 स्थानों पर हुआ होलिका दहन**

शहर में देर रात तक करीब सवा सौ स्थानों पर होलिका दहन किया गया। जो देर रात तक जारी रहा। पिछले वर्षो की तरह इस बार होली पर्व पर कुछ अलग ही दृश्य देखने को मिलेगा। शहर में केमिकलयुक्त रंगों की जगह पांच दिन तक गुलाल और फूलों से होली खेली जाएगी।

### बाजार में जमकर हुई खरीदी निकलेगी गैर

रविवार को होली पर्व की बाजार में रौनक देखी गई। लोगों ने रंग-गुलाल के साथ बच्चों के लिए पिचकारियां भी खरीदी। बाजार में होली पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही रंग और गुलाल की दुकानें सज गई थी। होली पर स्वांग रचने के समान की भी जमकर बिक्री हुई। वहीं मावा और मिठाइयों की दुकान पर अच्छी भीड़ देखी गई।

### आज निकलेगी हुरियारों की टोली उड़ेगा रंग-गुलाल

होली दहन के बाद पूजा-अर्चना कर सोमवार को हुरियारों की टोली शहर में जगह-जगह जमकर रंग- गुलाल उड़ाएगी। इसके अलावा गमी वाले घरों पीड़ति परिवारों को हुर्रियारे सहित रिश्तेदार गुलाल लगाने उनके घर पहुंचेगे। साथ ही विभिन्ना समाजों की गैर भी निकलेगी।

### सुरक्षा के किए जा रहे इंतजाम

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने कहा कि होली पर्व पर कोई भी नशे का सेवन कर वाहन न चलाएं। पर्व पर पिकनिक स्पाट पर भी पूरी सावधानी के साथ पिकनिक मनाएं। सभी पिकनिक स्थानों पर पुलिस नजर रखेगी। शहर में भी पुलिस व्यवस्था रहेगी। हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद दिवस के अवसर पर हुआ काव्य व विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्थानीय श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम सेकड़ा खेड़ी रोड स्थित परिसर में भारत मां के सच्चे सपूत शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का शहीद दिवस 23 मार्च को श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम एवं जनसहयोग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजली अर्पित करते हुए गोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत मोहित राम जी पाठक के द्वारा की गई। सरस्वती वन्दना जितेन्द्र नरोलिया ने की। गोष्ठी का संचालन युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने किया। इस अवसर पर कथा वाचक पं.मोहितराम जी पाठक के द्वारा भारत माता के सच्चे सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह युवकों के लिए हमेशा ही एक बहुत बड़ा आदर्श बना रहेगा। जितेन्द्र नरोलिया ने कहा कि भगत सिंह को हिन्दी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेजी के अलावा बांग्ला भी आती थी जो उन्होंने बटुकेश्वर दत्त से सीखी थी। जेल के दिनों में उनके लिखे खतों व लेखों से उनके विचारों का अंदाजा लगता है। उन्होंने भारतीय समाज में भाषा, जाति और धर्म के कारण आई दूरियों पर दुख व्यक्त किया था।

लक्ष्मण चौकसे ने इन वीर शहिदों की शहादत को याद करते हुए कहा कि भगतसिंह ने समाज के कमजोर वर्ग पर किसी भारतीय के प्रहार को भी उसी सख्ती से सोचा जितना कि किसी अंग्रेज के द्वारा किए गए अत्याचार को। उनका विश्वास था कि उनकी शहादत से भारतीय जनता और उग्र हो जाएगी, लेकिन जब तक वह जिंदा रहेंगे ऐसा नहीं हो पाएगा।

इसी कारण उन्होंने मौत की सजा सुनाने के बाद भी माफीनामा लिखने से साफ मना कर दिया था। आज के युवा वर्ग को इन वीर शहिदों से प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर काव्यपाठ करने वालें में जितेन्द्र नरोलिया, कैलाश चौहान, गोविन्द लोवानिया, लक्ष्मण चौकसे, बालमुकंद राय, जीतेन्द्र परमार, राज मालवीय आदि ने देश भक्ति से औतप्रोत काव्यपाठ कर काव्यगोष्ठी को ऊचाई प्रदान की। अंत में आभार समिति अध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने माना।

### राजीव गुजराती कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस हाईकमान ने सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बदल दिया है। अब तक कमलनाथ समर्थक बालवीर तोमर जिला कांग्रेस अध्यक्ष थे। शनिवार शाम जारी की गई सूची में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव और पार्षद राजीव गुजराती को कांग्रेस का नया सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में लंबे समय से कमलनाथ समर्थक बालवीर तोमर जिला कांग्रेस अध्यक्ष थे। सीहोर के वार्ड नंबर 5 से राजीव गुजराती पार्षद हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी हैं।

### आसमान पर छाने लगे हल्के बादल, 38 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी लो प्रेशर जोन क्रिएट हो रहा है, लेकिन तापमान बढ़ने की प्रक्रिया दिन प्रतिदिन लगातार जारी रहेगी। इस प्रकार अब कहा जा सकता है कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और आने वाले दिनों में भीषण गर्मी का दौर देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार मार्च माह के तीसरे सप्ताह से गर्मी ने जिले में दस्तक दे दी है और अंतिम सप्ताह की शुरुआत के साथ ही अधिकतम तापमान लगातार बढ़ता शुरू हो गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

### राज्य वन सेवा परीक्षा इंटरव्यू 27 मई से

**सीहोर।** मप्र लोक सेवा आयोग ने राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 के इंटरव्यू का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटरव्यू इंदौर स्थित आयोग कार्यालय में 27 से 30 मई तक होंगे। आयोग ने राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 के तहत वन संरक्षक के 8, वन क्षेत्रपाल के 40, परियोजना क्षेत्रपाल के 16 इस तरह कुल 63 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। आयोग ने मुख्य परीक्षा के परिणाम 22 नवंबर को घोषित किए थे।

### चुनाव प्रचार के लिए शासकीय वाहनों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय वाहनों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। मंत्रियों, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि के लिए शासकीय वाहन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रधानमंत्री एवं अन्य राजनेता जिन्हें उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई है, को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। स्वायत संस्थानों, संगठनों के प्रतिनिधि निवास से कार्यालय तक जाने के लिए शासकीय वाहन का प्रयोग कर सकेगे। जैसे रिर्जव बैक, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज आदि अन्य संस्थाएं।




## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# न्यायाधीश ने निरीक्षण कर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को मुकेश कुमार दांगी जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल सीहोर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मुकेश कुमार दांगी द्वारा बंदियों से चर्चा की गई तथा उनके प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। बंदियों को सम्बंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति तथा अपील प्रस्तुति के सम्बंध में विस्तार से बताया गया। म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं यथोचित परामर्श दिया गया।

महिला सेल का निरीक्षण कर महिलाओं एवं उनके साथ निवासरत बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम में जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बंदियों के बारे में जानकारी ली गई जिनकी अपील प्रस्तुत की जाना है, विधिक सहायता से अधिवक्ता की आवश्यकता है एवं जमानत आदेश के होने के बाद भी जेल में निरूद्ध है। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजेन्द्र कुशवाह, आसिफ खान, एकता सेन, संयोगिता सोलंकी द्वारा उद्बोधन दिये गये। कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक ज्योति तिवारी एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस के अवसर पर शहर भर में किया गया श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन


# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धासुमन किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में शनिवार को शहीद दिवस मनाया गया। शहीद दिवस भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत की याद में मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1931 में युवा स्वतंत्रता सैनानियों को फांसी पर लटकाया था। देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों की श्रद्धांजलि में यह दिन मनाया जाता है। देश के इतिहास में 23 मार्च का दिन बेहद अहम है। आज शहर में शहीदों के सम्मान और उनके बलिदान की याद में शहीद दिवस मनाया गया। सन् 1931 में 23 मार्च के ही दिन अंग्रेजों ने भारत के युवा स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को फांसी पर लटकाया था। वीर शहीदों ने आजादी की लड़ाई में हंसते-हंसते अपनी कुर्बान कर दी थी। शनिवार के दिन विभिन्न राजनीतिक संगठनों, समाजिक संस्थाओं, युवा संगठनों द्वारा शहीद दिवस मनाया गया।

### सुरक्षा समिति ने मनाया शहीद दिवस





भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के मातृभूमि के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कम उम्र में ही देश के लिए कुछ कर गुजरने का ऐसा जज्बा बहुत ही कम देखने को मिलता है। ये तीनों हंसते-हंसते हुए फांसी के फंदे पर चढ़ गए। आज हमें अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलते हुए देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। गजरा गियर्स चौराहा स्थित अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान ये विचार नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा आज के ही दिन 23 मार्च को तीनों अमर शहीदों को अंग्रेजों ने फांसी दी थी। ये अमर क्रांतिकारी हमें देश के प्रति कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरणा देते हैं। युवाओं को चाहिए, कि वे अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलकर देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया। समिति के विनोदसिंह गौड़, सुभाष वर्मा, विजयसिंह तंवर, अनूप दुबे, सुनीलसिंह ठाकुर, सुरेश रैकवार, उमेश राय, सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

### माल्यार्पण कर किया सुंदरकांड का वितरण

देश को आजाद कराने मे अपने प्राणो की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की पुण्यतिथि पर गजरा गियर्स चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर रणवीर हनुमान मंडल के अध्यक्ष अशोक जाट, राजेश बारोड़, मुकेश सोनी, महेन्द्र सोनी, सत्यनारायण पटेल, अंकित यादव, अभिषेक वर्मा, बलराम, रामगोपाल सोलंकी ने पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा सुंदरकाण्ड का वितरण किया।



### शहर कांग्रेस ने मनाई पुण्यतिथि

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान अंग्रेजों ने देश के सारे इंस्टीट्यूशन अपने अधीन कर लिए थे उनके अनुसार वे काम करते थे क्रांतिकारियों के साथ व देश के लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था। इसके विरोध में युवा क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु जैसे अनेक युवाओं ने अपनी आवाज उठाई उनकी आवाज को दबाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें फांसी की सजा दे दी। वही देश के हजारों नागरिकों को जैल में कैद कर दिया गया। वही स्थिति आज निर्मित हो रही है सारे इंस्टीट्यूशन आज की सरकार के अधीन है वह सब सरकार के अधीन काम कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलाता रहा तो हमें इन युवा क्रांतिकारीयो से प्रेरणा लेकर एक और आजादी की लड़ाई लड़ना पड़ेगी। उक्त विचार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी ने गजरा गियर चौराहा स्थित शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर क्रांतिकारियों को याद करते हुए कहे । इसी के साथ कहा कि उस समय देश खतरे में था आज प्रजातंत्र खतरे में हैं हमे सजग रहना पड़ेगा। सर्वप्रथम कांग्रेस अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने युवा क्रांतिकारीयो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किया साथ ही 2 मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष ,प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार सुनील सोलंकी ने माना। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नजर शेख राहुल पवार संजय कहार प्रदीप बनाफर डा मुन्ना सरकार उमेश कहार राजेश गोदिया



मुकेश झारेवाला शुभम सोलंकी विष्णु अग्रवाल जयप्रकाश मालवीय संजय रैकवार देवेंद्र बाबा महेंद्र सिंह ठाकुर मनोहर कुंभकार सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया शहीदों को नमन

देवास। देश में क्रांति लाने वाले वीर शहीद भगत सिंह जी, सुखदेव जी व राजगुरु जी के शहीदी दिवस पर गजरा गियर्स चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर भारतीय जनता पार्टी ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, विधान अग्रवाल, अभिराज चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद ने किया शहीदों को नमन

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद जिला देवास द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार ने बताया कि आज के दिन उन्हें अंग्रेजों ने फासी दी गयी थी। उन्होंने भारत मां के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया था, देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।

## अमर शहीद हेमू कालाणी का 101वां जन्मदिन रेहटी में मनाया गया



**रेहटी**। भारतीय सिन्धू सभा मुख्य शाखा एवं युवा शाखा द्वारा अमर शहीद वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कालाणी के जन्मदिन पर समाजजन एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप मंगतानी उपाध्यक्ष केवल राम सोभानी एवं भारतीय सिन्धू सभा मुख्य शाखा के अध्यक्ष भगवान दास ज्ञानचंदानी एवं भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा के अध्यक्ष एवं युवा शाखा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अश्विनी नानकानी (बंटू भाई), टीकम दास सोभानी, पुरुषोत्तम मंगतानी (पिंटू भाई ), कैलाश भिलाला, हितेश आसवानी, मनीष रामानी (सनी) , मुरली खुशालानी , फतन दास ज्ञानचंदानी , परसराम ज्ञानचंदानी, विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं सिलाई कला बोर्ड मध्य प्रदेश शासन के अध्यक्ष मनोहर लाल महेश्वरी ने हेमू कॉलाणी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। की कैसे छोटी सी उम्र में हेमू कालाणी ने मात्र 19 साल की उम्र में देश की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा फांसी पर चढ़ाए गए। एवं भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु के शहीद दिवस पर भी उन्हें याद किया गया।

## विश्व क्षय दिवस पर सेमीनार आयोजित



**सीहोर**। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.जेडी कोरी ने बताया कि विश्व क्षय दिवस के मौके पर स्कूलों में सेमीनार आयोजित कर क्षय रोग के बारे में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों को जिला टीबी समन्वयक द्वारा दी गई वहीं जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री मोदी की वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त किए जाने की संकल्पना पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा टीबी मुक्त भारत की शपथ जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.मालती आर्या एवं जिला केंसर कार्यक्रम प्रभारी डॉ.पुष्पा कन्नोजिया द्वारा दिलाई गई। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी जेडी कोरी ने बताया कि दो हफ्ते से अधिक खांसी, बुखार आना,रात में पसीना आना, भूख न लगना और वजन घटना ये टीबी रोग के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। आधुनिकतम जांच और उपचार की सुविधा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला अस्पताल में की जा रही है। टीबी के जीवाणु खांसने और छींकने से फैलते है। खांसते समय मुंह ढंक कर रखें। टीबी के मरीज को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 500 रूपए की राशि उनके खातें में प्रदान की जाती है।

## दस साल से फरार आरोपी सहित सात वांरटियों को रेहटी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रेहटी**। पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले मे अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटियों की धरपकड हेतु दिये गये निर्देशो के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग, एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये 06 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया है।

रात्री मै कामिंग गस्त के दौरान टीम के द्वारा अगल अलग स्थानो से वारंटी 1. वारंटी विशाल कीर पिता पूनमचन्द्र कीर उम्र 32 साल निवासी महागाँव जदीद (स्थायी), 2. अशोक पिता फूलचंद कीर उम्र 32 साल निवासी महागाँव जदीद (स्थायी), 3. कल्लू खाँ पिता मकसूद खाँ उम्र 55 साल निवासी चकल्दी (स्थायी), 4. योगेश पिता संतोष पुरी निवासी चारूआ (स्थायी) 5. छोटेलाल पिता जगन कोरकू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बरखेडा (गिरफ्तारी), 6. शिवकुमार पिता रामरतन कोरकू उम्र 35 साल निवासी बरखेडा (गिरफ्तारी) 7. शकुन बाई पति शिवकुमार कोरकू उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरखेडा (गिरफ्तारी) को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी राजेश कहारे, उप निरीक्षक दीपक सर्राटी, सउनि राजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक जयनारायण, आरक्षक लवकेश जाट, विकाश नागर, प्रवीण सोलकी, रामू उइके, महिला आरक्षक मनीषा वर्मा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा टीम को उचित ईनाम देने की घोषणा की गई है।

## मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली: चित्रकला, रंगोली, पोस्टर मानव श्रृंखला के जरिए दिया अधिक से अधिक मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

इसी क्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत इछावर में स्व सहायता समूह द्वारा सीएलएफ बैठक में समूह के सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई गई। सीएम राइस स्कूल आष्टा के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी के छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। सीएम राइस स्कूल आष्टा के 1000 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया गया। शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली बनाई गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारखेड़ा एवं शासकीय उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय लोरस कला द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया गया। शासकीय विद्यालय पगारिया राम में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डीएम कॉन्वेंट हाई स्कूल खामखेड़ा बैजनाथ और सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर वोट की आकृति अंकित की गई।

## व्यवसाय विकास महामेला का हुआ आयोजन



**सीहोर**। शनिवार को स्थानीय गीता भवन सीहोर में पोस्टमास्टर जनरल इंदौर श्रीमती प्रीती अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में व्यवसाय विकास महामेला का आयोजन अधीक्षक डाकघर सीहोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे जिले के लगभग 300 डाक कर्मी सम्मलित हुए । अधीक्षक डाकघर सीहोर एम.एल. मालवीय द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा सीहोर डाक संभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री अशोक जखोड़े द्वारा उपस्थितों से आव्हान किया गया कि विभाग की जनोपयोगी सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक शहरवासियों को प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें । मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल इंदौर प्रीती अग्रवाल द्वारा बचत खाते, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 3-3 कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया। इंडिया पोस्ट पमेन्ट बैंक के तहत जीएजी पालिसी से दावा प्राप्त करने वाले अनेक ग्राहकों ने कार्यक्रम में अपने अनुभव शेयर करते हुए डाक विभाग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की । कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सुकन्या पासबुक का वितरण तथा पीएलआई पालिसी धारकों को परिपक्वता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल द्वारा यह भी घोषणा की गई कि डाक विभाग द्वारा ग्राहकों को सुविधाएं देने के लिये लगातार आधुनिक तरीकों को बढावा दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में अगले वित्तीय वर्ष से इंदौर परिक्षेत्र में डाक विभाग क्यू आर कोड के माध्यम से जन सामान्य को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में चरणसिंह कुशवाह उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर सीहोर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद अग्रवाल द्वारा किया गया।

### फूलों व प्राकृतिक रंगों से मनाया फाग उत्सव

# फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से: पंडित सचिन द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति, जिला संस्कार मंच और पिपलेश्वर महादेव समिति सहित अन्य संगठनों के तत्वाधान में आठ दिवसीय फाग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उज्जैन के शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन द्विवेदी सहित अन्य फाग गायकों के द्वारा फाग का गायन किया। इस मौके पर पंडित श्री द्विवेदी ने फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से, रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारो गुजर मारे रे, आज ब्रज ने होली र रसिया जैसे भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष निशा सिंह ने बताया कि हर साल आश्रम में होली के पावन अवसर पर आठ दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं के अलावा अन्य के द्वारा लगातार आठ दिनों



तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके पहले दिन केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को फाग महोत्सव की शुरूआत की गई थी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पिपलेश्वर समिति की ओर से एलएन सेन, राधेश्याम मकवाना, अशोक सोनी, जिला संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा आदि ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण हितैषी रंगों और फूलों से पुाग गीत, होली नृत्य के मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। मंच के संयोजक श्री दीक्षित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में फाग महोत्सव का बड़ा स्थान होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार होली अपने आप में एक बड़ा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़कर चलती है। हमारे पूर्वज और हम सभी होली के त्यौहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

हमारे क्षेत्र का सौभाग्य है कि गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा जो महादेव की होली का आह्वान किया है। इसके अंतर्गत आगामी 26 मार्च को शहर में उत्साह के साथ महादेव की होली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। पहले देश में बरसाने की होली का महत्व था, लेकिन अब महादेव की पवित्र होली का भी उतना ही महत्व हो गया है। इस दिन श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान शिव सहित मंदिर में यह उत्साह मनाया जाता है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर**। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है। हितग्राही और आवेदक को अपने बैंक खाता नंबर आधार से लिंक कराने और खाता डीबीटी सक्रिय कराने के लिए जागरूक करें।

## एक ही विद्यार्थी का दो जगह एडमीशन, शिक्षा पोर्टल से मामला आया सामने


# चौंकिए मत! महज 7 साल की उम्र में कृष्णा हो गया सातवीं पास


### इंदौर के शासकीय स्कूल से 2022 में की 7वीं पास तो राजगढ़ के निजी स्कूल में अभी कक्षा 3 में है अध्यनरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसको आरटीई या छात्रवृत्ति की खींचतान का खेल समझे या फिर संबंधित विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लापरवाही जिसके कारण राजगढ़ जिले के एक विद्यार्थी के नाम पर इंदौर से शासकीय स्कूल द्वारा न केवल छात्रवृत्ति निकाली गई है बल्कि उसे पिछड़े वर्ग से अनुसूचित जाति का भी कर दिया गया है।

इंदौर के शासकीय स्कूल का कारनामा देखिए की 2014 में जन्मे बच्चे को महज 7 साल की उम्र में 2022 में 7 वीं कक्षा उत्तीर्ण बताया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति को मिलने वाली छात्रवृत्ति भी निकाल ली गई है जो किसी अन्य एकाउंट में पहुंची है विद्यार्थी को इसका लाभ नहीं मिला यह जांच का विषय है। जबकि इसके उलट कृष्णा पीपल्या कुल्मी के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत होकर कक्षा 3 में है और पिछले 5 सालों से वह इसी स्कूल में पढ़ रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उन्हें पिछले 5 सालों से कोई आरटीई की राशि प्राप्त नहीं हुई है।




| वर्ष | स्कूल का नाम | जिला | कक्षा जो उत्तीर्ण की |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 7वीं |
| 2020-21 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 6वीं |
| 2019-20 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 5वीं |

#### हंसवाहिनी स्कूल में पिछले 5 साल से अध्ययनरत है विद्यार्थी कृष्णा

*कृष्णा राठौर को जहां इंदौर में स्कूल ने 5, 6 एवं 7वीं परीक्षा उत्तीर्ण करवा दी( वहीं हकीकत यह है कि वहीं बच्चा पीपल्याकुल्मी के हंसवाहिनी स्कूल में पिछले 5 सालों से अध्ययनरत है। एक शिक्षक ने अपना नाम न बताने के शर्त पर बताया कि वह यहां पर एलकेजी से हमारे स्कूल में अध्ययनरत है एवं अभी कक्षा 3 में है। ऐसे में हमें पिछले 5 सालों से आरटीई की राशि भी नहीं मिल पाई है।*

#### 2014 में जन्म और 2019 में 5वीं में हुआ एडमीशन

*मध्यप्रदेश शिक्षा पोर्टल पर जब कृष्णा राठौर पिता कैलाश राठौर और माता मंजुबाई निवासी पीपल्या कुल्मी जिला राजगढ़ की जानकारी निकाली गई तो तथ्य चौकाने वाले थे। जिनमें 9 मई 2014 में जन्म लिए गए बेटे ने जहां गवर्मेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल किला मैदान इंदौर जिसका डाइस कोड 23260100434 में 2019-20 में प्रवेश लेकर महज 5 साल में 5वीं परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 2020-21 में 6वीं एवं 2021-22 में 7वीं परीक्षा उत्तीर्ण की।*

#### ओबीसी से अनुसूचित जाति कर निकाली छात्रवृत्ति

*राजगढ़ के पीपल्या कुल्मी के हंसवाहिनी मिडिल स्कूल में पढ़ने वाला एक विद्यार्थी जिसकी समग्र आईडी 305176927 हैं कब इंदौर के किलामैदान शासकीय स्कूल में एडमीशन ले लेता है और तो और वह वहां पर 5, 6 व 7वीं कक्षा पास भी कर लेता है। हालात यह है कि ओबीसी का छात्र कृष्णा राठौर कब अनुसूचित जाति का हो जाता है यह भी जांच का विषय है। इसी आधार पर उसकी छात्रवृत्ति भी निकाल ली जाती है जो कि इंदौर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को खाते में पहुंचती है जिस खाते से विद्यार्थी का कोई लेना देना है। यह जांच का विषय भी है कि इस तरह के कितने और आरटीई बच्चे है जिनका दूसरे स्कूलों में एडमीशन हो सकता है। 2020-21 में 6वी एवं 2021-22 में 7वी के अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति के रूपमें 200 - 200 रूपए प्राप्त किए गए।*

**जांच करवाएंगे...**

अगर इस तरह के एडमीशन का कोई मामला है तो उसकी जांच जरूरी है। हम इसकी जांच करवाएंगे।

**देवेन्द्र सिंह रघुवंशी,**
**जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

**जांच का विषय है...**

अगर ऐसा कोई मामला है जिसमें आरटीई की राशि पिछले 5 सालों से संबंधित स्कूल तक नहीं पहुंच पाई है और किसी ओर स्कूल में उसका नाम चल रहा है तो जांच का विषय है।

**आरके यादव, डीपीसी राजगढ़**

## एक बाइक पर थे चार, दूसरी पर तीन, टकराईं, 2 की मौत

### मोरपीपल मोड़ के नजदीक हुआ हादसा, 5 घायल, 1 रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के करीब पांच किलोमीटर दूर खुजनेर रोड पर शुक्रवार-शनिवार की रात्रि बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं पांच अन्य घायल हो गए। एक घायल को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि रात्रि का समय, सुनसान सड़क होने के चलते सभी घायल काफी समय तक मौके पर ही तड़पते रहे, बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार तेज गति के साथ ही बाईकों पर क्षमता से अधिक सवारियां होने के चलते उक्त घटना हुई है। शनिवार सुबह जिला चिकित्सालय में मृतकों के पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिए हैं। बताया जा रहा है कि एक बाईक पर सवार युवक राजगढ़ उर्स में आए थे और यहां से वापस लौट रहे थे, इस बीच यह हादसा हो गया।

#### हादसा इतना भीषण की दो टुकड़ों में बट गई बाइक

हादसे में मृत व्यक्तियों की पहचान श्याम पिता फूलसिंह सौंधिया उम्र 18 वर्ष निवासी गोरियाखेड़ा थाना खुजनेर एवं संतोष पिता हरिप्रसाद मारवाड़ी उम्र 50 वर्ष निवासी मंडी रोड खुजनेर के रूप में हुई है। इस घटना में दोनों बाईकें कौन चला रहा था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार संतोष मारवाड़ी, रामबाबू पिता पूरनलाल अहिरवार निवासी ग्राम भीलखेड़ा एवं अलफेज पिता अब्दुल रज्जाक राजगढ़ से अपने-अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान मोरपीपली, बरखेड़ा के नजदीक इनकी बाईक सामने से आ रही दूसरी अन्य बाईक से टकरा गई।

दुर्घटना में दूसरी बाईक पर सवार श्याम सौंधिया की मृत्यु हुई है वहीं गोविंद पिता लक्ष्मीनारायण सौंधिया उम्र 18 साल निवासी पाड़लियाखेड़ी, सुनील पिता गिरवर सौंधिया उम्र 25 साल निवासी पाडलियाखेड़ी एवं राजू पिता बजेसिंह सौंधिया निवासी ग्राम मुरालिया घायल हो गए।


काफी देर तक मौके पर ही तड़पते रहे घायल


#### काफी देर तक पड़े रहे घायल

*रात का समय होने के चलते हादसे के बाद सभी घायल काफी समय तक घटनास्थल पर ही तड़पते रहे। बाद में स्थानीय पुलिस और आसपास के ग्रामीणों के पहुंचने पर एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल में सुनील सौंधिया एवं अलफेज रज्जाक को प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी मिली है कि दोनों बाईकें खुजनेर तरफ ही जा रही थीं। जिस बाईक पर चार लोग सवार थे वे हैंडपंप पर पानी पीने के लिए राजगढ़ की और गए। इस दौरान राजगढ़ तरफ से आ रही बाईक और इनकी बाईक आपस में टकराई और यह हादसा हो गया।*

## परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के मामले में 2 शिक्षक सस्पेंड

### कुरावर पब्लिक उमावि केंद्र से हुआ था पेपर लीक

**राजगढ़।** विगत दिनों कुरावर के आदर्श पब्लिक उमावि परीक्षा केंद्र पर कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला सामने आया था। परीक्षा की गोपनीयता भंग होने के मामले को गंभीरता से लेकर कलेक्टर के निर्देशों जिला शिक्षा केंद्र द्वारा गठित जांच ने एक जनशिक्षक एवं एक माध्यमिक शिक्षक को दोषी पाया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक, लोक षिक्षण भोपाल ने दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।


कार्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण
भोपाल संभाग, भोपाल

क्रमांक/शिका–जांच/38/2024/1055 भोपाल, दिनांक 22-3-24

आदेश

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ के पत्र क्रमांक/शिकायत/2024/441-442 राजगढ़, दिनांक 21.03.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्रकी गोपनीयता भंग की शिकायत पर कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र, जिला राजगढ़ द्वारा दल गठित कर जांच कराई गई।

संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/643 राजगढ़, दिनांक 20.03.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग होना पाया गया। गोपनीयता भंग करने तथा परीक्षा संबंधी नियमों का पालन न करते हुए परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर द्वारा लापरवाही बरतते हुए परीक्षा की विश्वनीयता को बनाये रखने में घोर लापरवाही की जाना पाया गया।

श्री जैन का उक्त कृत्य म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं परीक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कदाचरण, गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

अतः श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ़को म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के उपनियम 9(1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ़ नियत किया जाता है। निलम्बन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण
भोपाल संभाग भोपाल

पृ.क्रमांक/शिका–जांच/38/2024/1056 भोपाल, दिनांक 22-3-24

प्रतिलिपि :–
1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र राजगढ़।
5. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ़की ओर दो प्रति भेजी जा रही है, संबंधित को तत्काल तामिली कराकर पावती जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ को उपलब्ध करावें।
6. संकुल प्राचार्य, शा०उमावि० कुरावर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण
भोपाल संभाग भोपाल

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को कक्षा आठवीं का सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) का प्रष्न-पत्र था। इसी दिन यह प्रष्न-पत्र आउट हुआ। जांच में प्रष्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था। ऐसे में कलेक्टर के निर्देशों पर जिला शिक्षा केंद्र के दल एवं नायब तहसीलदार द्वारा पूरे मामले की विस्तृत जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया गया। जांच प्रतिवेदन में पूरे मामले में जनषिक्षक राकेष जैन(माध्यमिक षिक्षक) एवं संजय जैन(माध्यमिक षिक्षक) दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक की इस घटना को पूर्व में कुछ जिम्मेदारों ने दबाने की भी कोशिश की थी। लेकिन, जिलाधीश के तल्ख निर्देशों पर हुई जांच के बाद दोष सिद्ध होने के बाद दो शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है।

## राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए मतदान कराना हैः सांसद नागर

### भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर व गुलावता मंडल के सेक्टर शक्ति केंद्रों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर एवं गुलावता मंडल के सेक्टर शक्ति केंद्रों की बैठक पाडल्या माता तथा नगर के राठी परिसर में शुक्रवार शाम को आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

गुलावता मंडल अध्यक्ष सतीश सिह बेस एवं सारंगपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने स्वागत भाषण व मंडल के संगठन की बुथ व पन्ना प्रमुख तक की जानकारी से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी संसद रोडमल नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता चुनाव के समय अपना शत प्रतिशत समय देता है और चुनाव को जैसे एक युद्ध की तरह लडता है तभी जाकर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है जिसमें प्रत्याशी एक निमित्त मात्र रहता है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र का प्रभार गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव के लिए हर बुध पर 370 वोट अधिक लाने के लिए संकल्पित किया। साथ में पार्टी संगठन द्वारा बूथ पर बूथ अध्यक्ष व समिति को 10 करनीय कार्य करने के बारे में ओर पार्टी संगठन के सरल व संगठन ऐप के बारे मे बतलाया। तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजना से कोई भी व्यक्ति छूट न सका है। बूथ विजय अभियान के विधानसभा प्रभारी धीरज सिंह चौहान ने भी बूथ विजय अभियान के बारे में बतया। जिसमें हर कार्यकर्ता गांव में रहने वाले हितग्राहियों तक पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में जिला मंत्री कैलाश नागर जिला मंत्री जगदीश नागर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर विधानसभा संयोजक मोहन गुप्ता विधानसभा विस्तारक अमरिश शर्मा जिला पंचायत सदस्य रामलाल खटक भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर सिंह पाटीदार सहित मंडल के सेक्टर में आने वाले सभी शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर और बूथ पर रहने वाले त्रिदेव बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री बीएलए.2 व पन्ना रंसमिति के सदस्य उपस्थित थे।




## महिलाओं ने लिया हर्बल गुलाल से होली खेलने का संकल्प

मातृ शक्तियों ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रंगों का पर्व होली आज पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं कल धुंलेडी पर्व की आज से ज्यादा धूम रहेगी। प्रेम, सौंहाद्र, भाईचारे के के इसी होली पर्व को मातृशक्ति जागरण मंच की महिलाओं द्वारा फाग उत्सव के रूप में मनाया गया। मंच सदस्य एवं समाजसेविका जया जायवाल, दिव्या चावड़ा ने बताया कि स्थानीय विजय भवन में आयोजित कार्यक्रम में फाग उत्सव के तहत ज्ञानवर्धन प्रष्नोत्तरी भी आयोजित हुई। प्रष्नोत्तरी में विजेता रही बहिनों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मातृषक्ति जागरण मंच द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं मंच की आवष्यकता क्यों पड़ी यह सभी से साझा की गई। रंगारंग उत्सव के दौरान हाईस्कूल खुजनेर की प्राध्यापिका डॉ. सरिता शर्मा द्वारा बौद्धिक देकर सभी को राष्ट्रधर्म एवं समाजहित के लिए प्रेरित किया गया।

#### रंगारंग कार्यक्रमों के साथ लिए अच्छे संकल्प

इस दौरान सभी महिलाओं ने होली पर्व को हर्बल गुलाल से खेलने के साथ ही ग्रीष्म ऋतु में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने अपने-अपने घरों पर सकोरे (जलपात्र) रखने एवं इस हेतु अन्य को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इंदिरा सौलंकी, नीति सौलंकी, वर्षा सिंह पंवार, राधा आर्य, अनीता सोनी, ब्रहाकुमारीज संस्था बहिन मधु दीदी, स्मिता राजवैद्य, सीमा हाड़ा, रष्मिका सोनी सहित अन्य उपस्थित थीं।

## ट्रेन में किलकारीः गर्भवती ने बच्ची को दिया जन्म, महिला यात्रियों ने कराई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नासिक से सतना जा रही एक महिला ने ट्रेन में एक बच्ची को जन्म दिया है। विदिशा रेलवे स्टेशन पर महिला को उतारा गया और हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। नासिक में मिस्त्री का काम करने वाले कृष्ण मुरारी रावत अपनी गर्भवती पत्नी रेशमा और छोटी बच्ची के साथ कामायनी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर करते हुए सतना की ओर जा रहे थे। इटारसी निकलने के बाद आधी रात 3 बजे के लगभग कृष्ण मुरारी की पत्नी रेशमा को प्रसव पीड़ा हुई। भोपाल आते-आते रेशमा को जब दर्द ज्यादा होने लगा तो रेशमा की जनरल बोगी में मौजूद दो महिलाओं की मदद से नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। वहीं बोगी में मौजूद एक अन्य युवक की मदद से इसकी सूचना आरपीएफ विदिशा को दी गई। भोपाल में सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रसूता और उसकी बच्ची को विदिशा में आरपीएफ की मदद से उतर गया।



### रामधुन भजन कीर्तन करते हुए चल रहे

## नन्हे मुन्ने बच्चे सनातन धर्म जागृति के लिए प्रतिदिन सुबह निकाल रहे प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




नगर में श्रीरामलला से भजनों के साथ प्रभात फेरी नगर के युवा वर्ग बच्चे सहित रोजाना सुबह निकालते हैं। वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले नगर के मोहल्ला वार्डों की गलियों प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं प्रतिदिन शहर की अलग-अलग बस्तियां, कॉलोनीयो और गलियों में रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली जा रही है। शनिवार सुबह 6 बजे शहर की बस स्टेंड से युवा वर्ग बच्चे सहित अन्य जन प्रतिनिधि प्रतिदिन की तरह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं प्रभात फेरी हर गली मोहल्ले वार्डो में अलग अलग दिन राम भजनों ढोलक पर भगवान के भजन कीर्तन कर राम लखन जानकी जय हो हनुमान की, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, केशव की जय जय माधव की जय जय, हरे कृष्णा हरे रामा सहित जय घोष के नारे लगाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। नगर में प्रभातफेरी निकाली जाती है। नगर के सभी 1 से 15 वार्डों में रोजाना प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसके माध्यम से लोगों धर्म के प्रति जागृत किया जा रहा है। शहर में प्रभात फेरी शुरू होती है और भजनों के साथ समापन करते हैं जो इमली स्टेंड समापन करते हैं प्रभात फेरी में युवा वर्ग बच्चे ढोल मंजीरे बजाते हुए रामधुन भजन कीर्तन करते हुई चलते रहते हैं। प्रतिदिन प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में युवा वर्ग छोटे छोटे बच्चे और शामिल हो रहे हैं।

### समूचे संसदीय क्षेत्र में निकालेंगे तीन दिवसीय पद यात्रा

## राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मेरा 40 सालों का नाताः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मेरा 40 सालों का नाता है। यहां के नागरिकों की मैनें यथोचित सेवा की है, इसलिए मुझे विश्वास है यहां की जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में हर विधानसभा क्षेत्र में 20 किलोमीटर की तीन दिवसीय पद यात्रा निकालेगी। उक्त उद्गार पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने ब्यावरा में व्यक्त किए। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के चार विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा, नरसिंहगढ़, चाचैड़ा व राघौगढ़ से आए कार्यकर्ताओं को 45 मिनट से अधिक समय तक संबोधित किया।

वर्तमान सांसद पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि सांसद द्वारा पिछले 10 साल में बड़े पैमाने पर आर्थिक प्रगति की है और इस पर रिसर्च होना चाहिए, ताकि जानकारी जनता के सामने आ सके। केंद्र सरकार के वादों को खोखला बताया और कहा कि 2014 में काला धन वापस लाना और भ्रष्टाचार को खत्म करने के बारे में जो भी घोषणाएं की थी, वह अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। इसके उलट, जिन नेताओं पर वह भ्रष्टाचार के आरोप लगाते थे, उनको भाजपा में शामिल कर लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने देश में व्याप्त महंगाई और बेरोजगारी के लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटी का उल्लेख किया और कहा कि महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए देंगे।






#### शिवराज ने दिए एक लाख, मैने दिए एक लाख ग्यारह हजार

राम मंदिर का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि हर भारतीय की भावना थी कि मंदिर बने, जहां शिवराजं सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रूपए दिए, वहीं मैनें एक लाख ग्यारह हजार रूपए का चैक दिया है। उनका कहना था कि इस मामले में कांग्रेस का रूख शुरू से ही साफ रहा था कि जो कोर्ट जो भी निर्णय करेगा, वह मंजूर होगा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बारे में उनका कहना था कि हमारी आपत्ति सिर्फ इतनी थी कि अधुरे निर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अभी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती और अभी मुक्तेष्वर नंद के कथनों का भी उदाहरण दिया।

#### गलत प्रचार हो तो करें शिकायत

*सिंह ने कार्यकर्ताओं के संबोधित करते हुए कहा कि सोसल मीडिया पर किसी भी प्रकार का गलत प्रचार हो तो इसकी शिकायत तुरंत की जाए। भाजपा वाले प्रचार करते है कि दिग्विजयसिंह मुस्लिम हो गया, इसाई हो गया जबकि उन्हें मालुम नहीं है कि राघौगढ़ में कितने मंदिर हमारे द्वारा निर्मित है और मेरे द्वारा कई सालों से वैद पाठशाला चलाई जा रही हैं। गौ वंश की हालत पर उन्होंने दुख जताया और उनकी दुर्दशा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। ब्यावरा में संचालित मां वैष्णोंदेवी गौशाला व चिकित्सा केंद्र की तारीफ की और गौशाला सदस्य मनीष सोनी को मंच पर बुलाकर उनकी पीठ थपथपाई। कार्यक्रम को राघौगढ़ विधायक जयवर्धनसिंह, पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलाबे, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरूषोत्तम दांगी, विजयसिंह सौंधिया, गिरीष भण्डारी, धूलसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, रचना भार्गव आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।*

खबर संक्षेप

### एबीवीपी ने अमर शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि

**आष्टा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा ने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में शहीद दिवस मनाया । कार्यक्रम के दौरान सर्व प्रथम मां भारती को अंग्रेजों की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प चढ़ाकर नमन किया । तत्पश्चात बलिदान दिवस पर नगर अध्यक्ष देवेन्द्र बागवान ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, जी की जीवन पर प्रकाश डाला ओर बताया की छोटी सी उमर मैं अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध जाकर अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति की चिंगारी फूंक कर देश में क्रांति कि अलख जगाई और अंग्रेजों की बेड़ीयो से मां भारती को मुक्त करवाने के लिए 23 साल की उम्र में ही हंसते हंसते फांसी पर झूल गए। ऐसे वीर शहीदों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में भाग सयोजक प्रद्युम्न राजपुत, नगर सह मंत्री नरेन्द्र जाट, राहुल जाट, नरेंद्र मंडलोई, मोहित मेवाड़ा, गोविंद मेवाडा, सुमित बगाना, भारत सोनी, निखिल गोस्वामी, संदीप पटेल, श्याम राजपूत, अभिषेक मलासिया सर्वेश जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भजनों पर खेली गुलाल और फूलों की होली

**आष्टा।** माहेश्वरी महिला मंडल आष्टा द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी स्थित लक्ष्मी मंदिर में फाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। बाबा खाटू श्याम के भजनों पर महिलाओं ने नृत्य करते हुए गुलाल व फूलों से होली खेली। माहेश्वरी समाज के फाग महोत्सव के दौरान समाज अध्यक्ष कल्पना बाहेती सहित महिलाओं ने बाबा खाटू श्याम सहित भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य करते हुए गुलाल और फूलों के साथ जमकर होली खेली गई।

## अब तक न तो कॉलेज संचालकों के नामजद हुई रिपोर्ट, न ही गिरफ्तारी

# महादेव नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में संचालक का नाम तक नहीं पता कर पाई आष्टा पुलिस

छात्र-छात्राओं के साथ धोखाधड़ी करने वाले नर्सिंग कॉलेज संचालक और स्टाफ नर्स नेहा के साथ निरीक्षक मकवाणा की अब तक नहीं हुई गिरफ्तारी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज में हुए फर्जीवाड़े में पिछले महीने पुलिस ने कॉलेज संचालक और पूर्व में जांच कर कॉलेज को सही बताकर फर्जी रिपोर्ट देने वाले दो निरीक्षणकर्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी इनमें से अभी तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आपको बता दें कि पुलिस ने 27 फरवरी को आष्टा थाने में महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालको सहित निरीक्षण करने वाली स्टाफ नर्स और डॉक्टर पर विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था।

लेकिन 25 दीन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक संचालकों के नाम तक नहीं पता कर पाई हैं। जबकि धोखाधड़ी के शिकार विद्यार्थी लगातार कॉलेज के संचालक और निरीक्षणकर्ताओ को पकड़कर सख्त कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग कर रहे हैं। वही पुनः छात्रों ने ऐसा नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### विद्यार्थियों ने पहले ही जताई थी आशंका अब फरार हुए आरोपी

आष्टा में महादेव नर्सिंग कॉलेज में हुए फर्जीवाड़े की छात्र छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई थी। छात्रों ने आरोप लगाया था कि कॉलेज संचालक ने उनसे नर्सिंग की पढ़ाई कराने फीस ली, लेकिन कोई पढ़ाई नहीं कराई। जिस जगह कॉलेज संचालित होना बताया, वहां पर स्कूल चलने की बात कही थी। छात्रों ने इसके अलावा भी कई खुलासे किए थे। इसके बाद कलेक्टर ने जांच दल बनाकर जांच कराई तो कमियां उजागर हुई थी। कॉलेज कागजों में सही और धरातल पर फर्जी तरीके से चल रहा था। पूर्व में भी इसकी शिकायत हुई थी। उस समय नर्सिंग काउंसिलिंग भोपाल निरीक्षक डॉ. हरि सिंह और डॉ. नेहा सोनी से इसकी जांच कराई थी। इन दोनों ही निरीक्षकों ने जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कर सब कुछ सही बता कर फर्जी तरीके से रिपोर्ट बनाकर कॉलेज को कागजों में मापदंड पर खरा बता दिया था जबकि हकीकत में कुछ और ही था। दिलचस्प बात यह है कि पीड़ित छात्र छात्राओं और छात्र संगठन के नेताओं ने आरोपियों के फरार होने की आशंका के चलते पहले ही हर्षवर्धन को कॉलेज का संचालक बताते हुऐ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी! लेकिन ऐसा हुआ नही और अब स्वयं को कॉलेज का संचालक बताने वाला हर्ष वर्धन फरार है और पुलीस के पास हर्षवर्धन का बतौर कॉलेज संचालक होने का कोई प्रमाण नहीं है

### एफआईआर हुए 25 दिन बीते, न नामजद हुई रिपोर्ट, न गिरफ्तारी

आष्टा थाना पुलिस ने 27 फरवरी को बीएमओ डॉ. जीडी सोनी की रिपोर्ट पर महादेव कॉलेज के सभी संचालक और पूर्व में कॉलेज की जांच करने वाले निरीक्षक हरिसिंह और नेहा सोनी के खिलाफ कई धाराओं में प्रकरण कायम किया था। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से कॉलेज के सभी संचालकों की सूची मांगी थी। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने महादेव कॉलेज प्रबंधन को पत्र लिखकर संचालकों के नाम की सूची उपलब्ध करने को कहा था, लेकिन अभी तक कॉलेज प्रबंधन की तरफ से सूची मुहैया नहीं कराई गई है। इसे लेकर बीएमओ ने कलेक्टर और सीएमएचओ को भी अवगत करा दिया है। वही पुलीस ने भी मेडिकल काउंसलिंग से पत्र लिखकर संचालको की सूचि मांगी है लेकिन 25 दिन बीतने के बाद भी महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालको के नाम का इंतजार हो रहा है

### विद्यार्थियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

प्रकरण कायम होने के बाद भी अभी तक महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक और जांचकर्ता डॉ. नेहा सोनी और डॉ. हरिसिंह फरार हैं। कॉलेज के संचालकों की संख्या और नाम स्वास्थ्य विभाग और पुलिस पता नहीं लगा पाई है। इससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### पत्र लिखा है, एक दो दिन में होगी नामजद कायमीः एसडीओपी

एसडीओपी आकाश अंबलकार ने बताया कि महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालकों की स्वास्थ्य विभाग से सूची मांगी गई है, लेकिन अभी तक पत्र का जवाब नहीं मिली है। दो तीन दिनों में जबलपुर से संचालकों की सूची मंगवाकर नामजद कायमी की जाएगी। इसके बाद ही गिरफ्तार किया जाएगा। वही बीएमओ डॉ. जीडी सोनी ने बताया कि हमारी तरफ से लगातार महादेव नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन को पत्र लिखकर संचालकों के नाम की सूची उपलब्ध कराने कहा गया है। लेकिन अभी तक सूची नहीं दी गई है। इसे लेकर कलेक्टर और सीएमएचओ को अवगत करा दिया गया है। सूची आते ही पुलिस को उपलब्ध कराई जाएगी।

# मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला

## मतदान के लिए किया लोगों को जागरूक




**आष्टा।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विद्यालय के एक हजार से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ ने मानव श्रृंखला बनाई। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने व मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नारे भी लगाएं।

सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आवश्यक है। चुनाव के लिए मतदाताओं का जागरूक होना अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समझाया गया कि वो अपने घर, परिवार व पड़ोस के मतदाताओं को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विधानसभा चुनाव 2023 में भी सीएम राइज विद्यालय आष्टा के विद्यार्थियों ने रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास किए थे। इसी कारण से मत प्रतिशत में भी वृद्धि हुई।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला में विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, विष्णुप्रसाद पंवार, असमा खानम, अंत्येश धारवां, सम्राट ढोके, पदमा परमार, पवन राया, निहायत मंसूरी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, अभिलाषा श्रीवादी, राम सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़िया मौजूद थे।

### नेत्र शिविर में 237 लोगों की आंखों की हुई जांच



**आष्टा।** स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल में श्री सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर ने निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन करवाया। जिसमें 237 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 40 मोतियाबिंद नेत्र रोगियों को चिन्हित कर आनंदपुर ऑपरेशन के लिए भेजा गया है। डॉ अतुल उपाध्याय ने बताया कि श्री सदगुरू सेवा समिति ने शिविर आयोजन कराया है, जिसमें 40 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें सदगुरू सेवा समिति, आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया है। साथ ही 48 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया। साथ ही 46 मरीजों को दवाईयां दी गईं। निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी.डी. सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मरीजों की आंखों की जांच नेत्र चिकित्सा सहायक सुरेश सेन, रविन्द्र गोस्वामी एवं अनोखीलाल बामनिया के द्वारा की गई।नेत्र शिविर में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण राज्य के जिला सचिव वरिष्ठ डॉक्टर अतुल उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

### रंगोली बनाकर दिया संदेश



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने रंगोली बना कर संदेशा दिया की हम सबको वोट डालना है गांव की आंगनबाड़ी में लोकसभा चुनाव के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने रंगोली बना कर मतदाताओं को जागरूक करने एवं मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए बताया कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आवश्यक है एवं चुनाव के लिए मतदाताओं का जागरुक होना अनिवार्य है, रंगोली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा ने बताया कि अधिक से अधिक मतदाताओं एवं नव युवाओं को वोट डालना है।

## रमजानः पहला रहमत का अशरा बीता मगफिरत का अशरा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

माह रमजान का पहला रहमत का अशरा बीत चुका है। वहीं अब दूसरा अशरा मगफिरत का शुरू हो गया है। वहीं अब मस्जिदों में कुरान-ए-पाक की तिलावत पूरी होने को है। वहीं थाने वाली मस्जिद में हर साल की तरह 5 रमजान में ही कुरान-ए-पाक की तिलावत पूरी कर ली है। वहीं अन्य मस्जिदों में दसवें रोजे पर ही कुरान-ए-पाक पढ़ा जा चुका है। वहीं कुछ मस्जिदों में शेष बचा है तो 15 वें रोजे में पूरा हो जाएगा। इस तरह से हर एक मस्जिद में जो कुरान-ए-पाक को पढ़ा व सुना जाता है जिसे तराबीह कहते हैं। रमजान माह में मुस्लिम समुदाय के लोग जहां पूरे माह रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं वहीं पांचों वक्त की फर्ज नमाज भी अदा करते हैं। बड़ों के साथ-साथ छोटे बच्चे पांचों वक्त की नमाज के साथ इबादत करते हुए रोजा रख रहे हैं। समाज के लोग रोजा अफ्तार रखकर सबको रोजा अफ्तार करा रहे हैं। इसी के चलते रोज पुराना बस स्टैंड, सिकंदर बाजार, कसाईपुरा चौराहा पर फल की दुकानें दोपहर बाद ही सज जाती हैं। जहां भीड़भाड़ के साथ चहल-पहल बनी रहती है। वहीं समाज के खाने पीने की दुकानें भी शाम को ही खुलती हैं, जो सुबह सेहरी के वक्त तक खुली रहती है। रमजान माह के चलते शनिवार को 12वां रोजा हो चुका है। लोग ईद की तैयारी में जुटे हुए हैं। खासकर महिलाओं में ज्यादा रुचि हैं। जिसके कारण कपड़ों के दुकान पर सुबह से लेकर देर रात तक भीड़ देखी जा सकती है। बच्चों को कपड़ों खरीदी को लेकर महिला-पुरुष सभी लोग इस ईद-उल-फितर पर नए कपड़े पहनते हैं। वहीं अपनी कमाई में से खैरात जकात भी निकालते है। जिससे की जरूरतमंद भी खुशी से ईद मना सके। इसलिए हर एक मुस्लिम पर अपना माल में से ढाई प्रतिशत निकालते हैं। जो गरीबों व जरूरतमंदों को देते हैं।

### जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर दी बधाई

**श्यामपुर।** युवा नेता राजीव गुजराती के कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनने पर श्यामपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में खेमराज पाटिल जिला उपाध्यक्ष, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, लईक कुरैशी, मांगीलाल जाट, इलियास खान, मांगीलाल दांगी, दीपक शर्मा, अफसर अली, सुरेश ठाकुर, जिला सचिव भंवरलाल पाटिल, भेरूलाल पाटीदार, सदरूद्दीन भाई, नंदकिशोर पाटीदा,र देवीलाल पाटीदार, राजेंद्र सिंह दरबार, छीतर खा, आबिद मंसूरी, उमराव सिंह, शिवचरण मालवीय, डॉक्टर गनीम, अनोखी लाल आदि कार्यकर्ता शामिल है।

## साधु संतों के शब्द सुनकर मन में उतारेंः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



साधु संतों के शब्द सुनकर मन में उतारें भोजन और पूजन में जल्दी - जल्दी नहीं करना चाहिए। भोजन तन के लिए और पूजन मन के लिए है। पूजन भाव से करने पर मन साफ सुथरा होता है। पर्व मन के अंदर का कूड़ा - कचरा साफ करने का है। समाज व कुटुम्ब में सोच बदलनी चाहिए। चाहे मांगलिक कार्य हो या पारिवारिक आदि कार्य के साथ साथ अपने घरों में भी नित्य दिन में भोजन व खाद्य पदार्थ का सेवन करें और कराएं। भारतीय परम्परा के खिलाफ है रात्रि भोजन।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान के दौरान पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमें वीतरागता पर ध्यान देना होगा। मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा रोटी को पीना चाहिए और पानी को खाना चाहिए।रोटी को बत्तीस बार चबा चबाकर खाने से वह रस के समान बन जाएंगी और उसे पीलो, वही पानी को धीरे-धीरे पीना अर्थात खाना चाहिए। कभी भी मन में ईर्ष्या भाव न रखें। आष्टा का यह किला मंदिर छोटा सम्मेद शिखर जी है, यहां पर धर्म - आराधना नित्य करते रहे। मुनि सागर महाराज ने कहा कि व्यक्ति पूरी जिंदगी धन अर्जित करने में बीता देता है और जब मृत्यु होने पर श्मशान घाट पर कफन भी अंत्येष्टि के दौरान हटा देते हैं।

कुछ भी साथ नहीं जाएगा। धन का सही उपयोग करें। आपने कहा कि बच्चों से पूछों की कहां रहते हो, तो उत्तर मिलता है कि माता-पिता मेरे साथ है, जबकि कहना चाहिए कि माता-पिता के साथ में रहता हूं। न सोना काम आएगा,न चांदी काम आएगी। भोजन में सोना, चांदी , हीरा,जबारत नहीं सब्जी, रोटी ही सेवन करना होगी। समाज में उन्नति होना है। दिया तले अंधेरा है, पिड़ावा धर्म और कर्म के क्षेत्र में आष्टा से बहुत आगे है। समाज विकसित हो। विकल्प नहीं करें।

## अंतरराष्ट्रीय विख्यात श्रीपाद कृष्ण किशोर पहुंचे आष्टा इस्कान सेंटर, बिखरा भक्ति का रंग

# 100 भगवत गीता और प्रभुपाद पुस्तिका का किया गया वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीराधा कृष्ण की भक्ति के रंग में रंगे इस्कान से जुड़े भक्तगण भक्ति करने के माध्यम कभी छोड़ते नही ऐसा ही नजारा आष्टा इस्कान सेंटर पर देखने को मिला जब श्रीपाद कृष्ण किशोर प्रभु अपनी धर्म पत्नी शैलजा प्यारी माताजी, श्रीपाद अर्जुनानाथ प्रभु साउथ अमेरिका, श्रीपाद राजशेखर प्रभु ऑस्ट्रेलिया, श्रीपाद रसिक निमाई प्रभु पोस्ट वी.डी.ओ जयपुर गौर पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आष्टा इस्कॉन केंद्र में आगमन हुआ।

जिसमे अंतरराष्ट्रीय विख्यात श्रीपाद कृष्ण किशोर प्रभु ने सभी युवाओं को मार्गदर्शित कर उन्हे शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण की महत्त्वता समझाई। इसके साथ ही सभी हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए श्रीकृष्ण भक्ति में झूमे दिखाई दिए।

तत्पश्चात ऑस्ट्रेलिया से श्रीपाद राजशेखर प्रभु ने अपनी बिटिया के जन्मदिवस के अवसर पर 100 भगवद गीता एवं 100 प्रभुपाद पुस्तको का वितरण बच्चो में किया। प्रभु जी के प्रवचन सुन सभी बच्चो ने अच्छी पढ़ाई एवं अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा ली। ज्ञात हो आष्टा में कन्नौद रोड कालोनी चौराहे स्तिथ इस्कान सेंटर पर प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को भजन कीर्तन व प्रसादी की आयोजन किया जाता है साथ ही सप्ताहभर बच्चो को गीता जी को क्लास भी निशुल्क चलाई जाती है, जिसमे बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचते है। इस कार्यक्रम को लेकर केंद्र अध्यक्ष श्रीपाद संदीप सोनी प्रभु ने आयोजन में सभी भक्तो की भागीदारी एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## भगत सिंह के सपने को मजदूर, किसान और नौजवान करेंगे पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

23 मार्च को भारतीय आजादी के आन्दोलन की क्रांतिकारी धारा में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु की शहादत दिवस के मौके पर देवास मध्य प्रदेश में वैचारिक क्रांतिकारी दल और अन्य संगठनों द्वारा गजरा गियर स्थित तीनो क्रांतिकारियों की मूर्तियों पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम रखा गया। साथियों ने इन्किलाबी नारों के बीच भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के सपनों और आज की स्थिति में फर्क पर अपने विचार ररखे इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए।